>

Title : Need to provide educational loan to students for technical/higher education from banks in district Rajgarh, Madhya Pradesh.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी तकनीकी/उच्च शिक्षा देश व विदेश में प्राप्त कर अपना तथा अपने परिवार का विकास कर सकते हैं। इसके लिए सरकार ने उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा अर्जन करने वाले छात्रों के लिए बैंक के माध्यम से ऋण योजना भी लागू की है, जिसमें यह स्पष्ट उल्लेख है कि ऐसी शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से 4 लाख रूपये बिना गारंटी से ऋण दिया जाये तथा अधिकतम 10 लाख रूपये का ऋण गारंटी से दिया जाये व विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्र को 4 लाख रूपये बिना गारंटी से ऋण दिया जाये तथा अधिकतम 20 लाख रूपये का ऋण गारंटी से दिया जाये। हितग्राही छात्र जब अपनी पढ़ाई पूरी कर ले व व्यवसाय/नौकरी करने लगें तब उक्त ऋण को चुकाया जाये।

मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में इस योजना का पालन नहीं हो रहा है। राजगढ़ जिले में एक भी तकनीकी/उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को बैंक ने बिना गारंटी के ऋण नहीं दिया है, जिससे सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का औचित्य इस जिले में लगभग समाप्त प्रायः हो गया है। जिले के विद्यार्थियों को इसका समुचित लाभ भारत सरकार की मंशा के अनुरूप प्राप्त नहीं हो रहा है।